संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति का 7वाँ संस्करण

स्रोत: पी.आई.बी.

भारत और फ्राँस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति के 7वें संस्करण की शुरुआत मेघालय के उमरोई में हुई, जो सामरिक क्षमताओं को बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण सहयोग का प्रतीक है। ।

- युद्धाभ्यास '**शक्ति**' एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो क्रमिक रूप से भारत तथा फ्राँस में आयोजित किया जाता है। इसका पिछला संस्करण नवंबर 2021 में फ्राँस में आयोजित किया गया था।
- **फोकस क्षेत्र:** शक्ति अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र **अधिदेश के अध्याय VII** के तहत **उप-पारंपरिक परिदृश्य में बहु-क्षेत्रीय ऑपरेशन हेतु दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता में वृद्धि** करना है।
    - इस दौरान संयुक्त अभ्यास में अर्द्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालनों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- **सामरिक उद्देश्य:** सामरिक अभ्यास में आतंकवादी कार्रवाइयों पर प्रतिक्रिया, संयुक्त कमांड पोस्ट और खुफिया एवं निगरानी केंद्रों की स्थापना, तत्परता तथा समन्वय पर ज़ोर देना शामिल शामिल है।
- **फ्राँस और भारत के बीच अन्य संयुक्त अभ्यास:** अभ्यास वरुण, अभ्यास गरुड़ **और** अभ्यास डेज़र्ट नाइट।

//

और पढ़ें: भारत-फ्राँस संबंध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/7th-edition-of-exercise-shakti